हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 तकनीक को आगे बढ़ने का साधन बनाएं, बाधा नहीं : ज्योति




14 आज मनेगा पोला पर्व, तीजा व्रत 26 को





## खबर संक्षेप

### बिरनपुर में कामता प्रसाद का हरि कीर्तन 24 को



**नगरी।** युवा बाल मंडली एवं ग्राम विकास समिति के सहयोग से ग्राम बिरनपुर के शीतला मंदिर के प्रांगण में 24 अगस्त रविवार को शाम 6 बजे कामता प्रसाद कुडेरा दादर का हरिकीर्तन कार्यकम रखा गया है।

### ब्रम्हाकुमारी सेंटर में 24 को रक्तदान शिविर

**धमतरी।** ब्रम्हाकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रम्हाकुमारी सेंटर में 24 अगस्त को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किया गया है। सरिता दीदी ने बताया कि देशभर में एक लाख यूनिट रक्त संग्रह कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य है। अभी तक चारों ब्लॉक में मिलकर 300 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर लिया है।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 25 अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, मार्केटिंग, एजेंट, असिस्टेंट सुपरवाईजर सहित कुल 410 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने किया धरना प्रदर्शन

# आंदोलन से सरकारी दफ्तरों में रहा कामकाज ठप, ताला भी नहीं खुला





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महंगाई भत्ता सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों ने गांधी चौक में आंदोलन किया। इससे सरकारी कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। विभागीय कार्यालयों में कुर्सियां खाली रही, वहीं कई दफ्तरों का ताला भी नहीं खुला। विभिन्न कार्यों को लेकर शासकीय कार्यालय पहुंचे लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला प्रवक्ता खुमानसिंह ठाकुर ने बताया कि फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को गांधी मैदान में जिला स्तरीय आंदोलन किया गया। गांधी मैदान में पूर्व से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ तथा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का संयुक्त मंच तैयार कर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

### जिले भर के कर्मचारी शामिल हुए

आंदोलन से जिला तथा ब्लाक स्तर पर सभी कार्यालयों में काम ठप रहा। जिले भर के सभी कर्मचारी अधिकारी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। यह आंदोलन प्रदेश के सभी 32 जिलों में किया गया। हड़ताल से सभी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। निगम में सिर्फ प्लेसमेंट कर्मचारी नजर आए। कलेक्टोरेट, कंपोजिट भवन, जिपं कार्यालय में कहीं कोई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं था। सरकारी कार्यों को लेकर कार्यालयों में पहुंचे लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

### स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई

एनएचएम के कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके साथ मितानिन की भी हड़ताल जारी है। इससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। शुक्रवार को कई शासकीय अस्पतालों में तालाबंदी की नौबत रही। जिला अस्पताल भी पूरी तरह से प्रभावित हुआ, हालांकि डाक्टर उपस्थित थे, लेकिन कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

### ये हैं फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांग

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने कहा कि उन्हें महंगाई भत्ता केंद्र के समान दिया जाए। चार स्तरीय समयमान वेतनमान क्रमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष तथा 32 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर लागू करने, अनुकंपा नियुक्त की शर्तों को हटाने, कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों को जनवरी 2019 से लंबित महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि जीपीएफ खाते में जमा करने, सहायक शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतन स्वीकृति आदेश, कैसलेश चिकित्सा सुविधा देने, मध्यप्रदेश की तरह 300 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण करने, सभी को पुरानी पेंशन की पात्रता, सभी विभाग में समानता लाते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, कार्यरत कार्यभारित संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई।

आंदोलन में जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, मुकेश पांडे महासचिव, अमित महोबे जिला सहसंयोजक, दयालुराम साहू, प्रवक्ता खुमानसिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष एआर टंडन, गोपाल शर्मा, संतोष दीवान, राजकुमार सिन्हा, महेंद्र साहू, ममता खालसा, हरिश देवांगन, एनएचएम कर्मचारी संघ से डा. ओमप्रकाश मत्स्यपाल, केबी पाल, राजेश चक्रधारी, अखिल चंद्राकर, डा. दुर्गा प्रसाद कौशिक, एपी साहू, एनके साहू, गिरीशकुमार, योगेंद्र सिन्हा, अजय पांडे, रमशीला साहू, जितेंद्र नेताम, वासुदेव भोई, संदीप राव, डा. अमित नागेश, देवाराम मरकाम, दुर्गाशंकर, संजय चंद्राकर, बीपी चंद्रा, सुमीत साहू, मनोज टंडन, अशोक निर्मलकर, दयाराम साहू, देवेश साहू, पुरूषोत्तम निषाद, डोमार सिंह ध्रुव, गिरीश जायसवाल, आरएन देव, दानेश्वर साहू, गोपाल साहू, सुरेंद्र नेताम, महेंद्र बोझी, गजानन सोम, डा. एके नेताम, डा. एचआर देवांगन, भूपेश सिन्हा, बागेश्वर लोधी, बृजेश साहू, लालेश्वर साहू सहित सैकड़ों कर्मचारी अधिकारी शामिल थे।

# भुईयां पोर्टल में परिवर्तित राजस्व ग्रामों की जमीन अपलोड नहीं

- फार्मर आईडी नहीं बनने से सैकड़ों किसान परेशान, कलेक्टारेट में बोला हल्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वन ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित जिले के 109 गांवों के किसान सकते में आ गए हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी का पंजीयन नहीं होने से सैकड़ों किसानों को शासकीय योजनाओं से वंचित होने की चिंता सताने लगी है। शुक्रवार को सामुदायिक वन संसाधन संघर्ष समिति के बैनरतले प्रभावित किसानों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। समिति ने चेतावनी दी है कि समय रहते परिवर्तित राजस्व ग्रामों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिला स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सामुदायिक वन संसाधन संघर्ष समिति धमतरी के संयोजक मयाराम नागवंशी, अध्यक्ष बंशीलाल सोरी के नेतृत्व में करीब 100 किसानों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि जिले के 109 ग्राम परिवर्तित राजस्व ग्राम में आते हैं। राज्य सरकार ने किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने पीएम सम्मान निधि, कृषि बीमा योजना सहित अन्य कृषि योजना के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन कराना अनिवार्य किया है। पंजीयन से किसानों को 11 अंकों की यूनिक पहचान संख्या मिलेगी। इससे किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा, लेकिन शाासन के एग्रीस्टेक पोर्टल से वन ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित सैकड़ों किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। सालों बाद भी 109 परिवर्तित राजस्व ग्रामों की जमीन खेत भुईयां पोर्टल में अपलोड नहीं हुई है। भुईयां पोर्टल में जमीन अपलोड नहीं होने के कारण फार्मर आईडी नहीं बनने से किसान असमंजस में हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी महेंद्र नेताम, बुधराम साक्षी, गोवर्धन मंडावी, जागेश्वर नेताम, बीरबल पद्माकर, रवि नेताम, सुरेंद्र ध्रुव, मकसूदन मरकाम, दिनेश्वरी नेताम, राजाराम मंडावी, चिंताराम वट्टी, रामकुंवर मंडावी, विमला ध्रुर्वा, कलावती मरकाम, कोमलसिंग, घनश्याम नेताम, गणेश मरकाम ने बताया कि वन ग्राम संघर्ष समिति के माध्यम से शासन प्रशासन को आवेदन-निवेदन तथा धरना प्रदर्शन कर परिवर्तित राजस्व ग्रामों की समस्या से अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन निराकरण होने के बदले समस्या और विकाराल होते जा रही है। परिवर्तित राजस्व गांव के सैकड़ों किसान खरीफ फसल ले रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए फार्मर आईडी बनाना आवश्यक है। भुईयां पोर्टल में परिवर्तित राजस्व ग्रामों की जमीन अपलोड नहीं होने से फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है। आगे कहा कि समय रहते उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो संघर्ष समिति के बैनरतले उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप

### मौरीखुर्द-सिरसिदा मार्ग के लिए प्रशासकीय राशि स्वीकृत



**सिर्री।** लोक निर्माण विभाग ने मौरीखुर्द से सिरसिदा मार्ग लंबाई 2.30 किमी सहित पुल पुलिया निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 93 लाख 1 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। यह कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से मिली है। थानेश्वर साहू सोसाइटी अध्यक्ष एवं देवेंद्र साहू आईटी सेल कुरूद मंडल संयोजक ने बताया कि इससे पूर्व सड़क निर्माण हुआ था लेकिन मौरीखुर्द से सिरसिदा मार्ग लगभग 2 किलोमीटर छूट गया था जिससे राहगीरों, मालवाहक गाड़ियों का चलना मुश्किल हो रहा था। इसकी स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। कृपाराम साहू, चंद्रकुमार साहू, केशव साहू, हेमाराम साहू, हेमंत साहू, तोरण साहू , ओमप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, ओंकार साहू, कामता साहू, रामभरोसा साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### दुगली में पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**नगरी।** भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर राजीव गांधी गोदग्राम दुगली में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष भानेंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उनके सपनों को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सभी ने राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### अवैध शराब की बिक्री करते ढाबा संचालक गिरफ्तार



**कुरुद।** कुरुद पुलिस ने पंजाबी ढाबा भाठागांव में अवैध शराब बेचने वाले संचालक को रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी से अंग्रेजी व देशी शराब सहित नकदी जब्त कर धारा 34 (1) ख आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ढाबा संचालक लक्की सिंह उर्फ हरप्रीत सिंह पिता हरजीत सिंह उम्र 25 वर्ष मेघा थाना मगरलोड को पंजाबी ढाबा भाठागांव में बिना किसी वैध दस्तावेज के शराब बेचते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 5 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 7 पौवा देशी शराब कुल कीमत 1,775 रुपए तथा 200 रुपए बिक्री रकम जब्त कर कुल 1,975 रुपए का माल बरामद किया गया है। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला - धमतरी छ.ग.**
**// उद्घोषणा//**
**क्रमांक/ / तह/2025**
**भखारा दिनांक 20/8/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनारायण साहू पिता तेजराम जाति तेली निवासी जोरातराई सि द्वारा अपने जन्म दिनांक की 10/5/1979 की प्रमाण पत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। आवेदक आज दिनांक तक अपने जन्म का जन्म मृत्यु रजिस्टर में पंजीयन नही कराया है जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु विधिवत आवेदन पत्र शपथ पत्र अन्य दस्तावेज की प्रति न्यायालय में पेश किया है ।

अतः आवेदक रामनारायण साहू पिता तेजराम जाति तेली निवासी जोरातराई सि. की जन्म दिनांक 10/5/1979 का पंजीयन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो **पेशी दिनांक 27/8/2025** तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार भखारा में समक्ष उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**भखारा**

### साहू समाज ने जिला स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन कृषि उपज मंडी में किया

# तीज महोत्सव में दिखी सामाजिक समरसता की झलक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली। साहू समाज की महिलाएं हरे रंग की साड़ी में पहुंची थीं। समाज की रचनात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया।

साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने बताया कि ऐसे आयोजन से एक साथ जिलेभर की माताएं-बहनें एक दूसरे के विचारों से अवगत होती हैं। सकारात्मक सोच के साथ समाज में नेतृत्व करने आगे बढ़ती हैं। कुरीतियों - विकृतियों को महिलाएं ही दूर कर सकती हैं।




कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष केकती साहू, संगठन सचिव मंजूषा साहू एवं आभार प्रदर्शन जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू ने किया। कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष नगरी हृदय साहू, नपं आमदी अध्यक्ष ज्योति साहू, स्पीकर कौशल्या देवांगन, सभापति हिमानी साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू, विभा चंद्राकर, अनीता अग्रवाल, भारती साहू, विजय साहू, तोरणलाल साहू, यशवंत साहू, लीलाराम साहू, गणेशराम साहू, रोहित साहू, गोपाल साहू, कंवल साहू, तोषण साहू, कामता साहू, राधेश्याम साहू, भुवनेश्वरी साहू, दमयंतीन साहू, गायत्री साहू, सुशीला साहू, भुनेश्वरी साहू, चंद्रभागा साहू, हिरेन्द्र साहू, उपेंद्र साहू, डॉ. ललित साहू, भावेश हिरवानी, विजयगौतम साहू, यशवंत साहू, गिरधारी साहू, पुनाराम साहू, डॉ.गीताराम साहू, रमशीला साहू, पूर्णिमा साहू, चनद्रिका, चमेली, शारदा, कृष्णाबाई समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- जुआ फड़ से नकदी व कार जब्त

रात्रि में सोरिद मुक्तिधाम के पास चल रहे जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। फड़ से नकदी व एक कार बरामद की है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सोरिद नगर के मुक्तिधाम के पास कुछ लोगों द्वारा विद्युत पोल की रोशनी में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल सोरिद नगर में घेराबंदी की। पुलिस को देख कुछ जुआरी भाग खड़े हुए। वहीं पुलिस ने जुआ खेल रहे गोपाल साहू पिता मंगल उम्र 37 वर्ष निवासी मराठापारा, गजेंद्र साहू पिता शत्रुहन 40 वर्ष ग्राम सांकरा थाना अर्जुनी व धर्मेंद्र साहू पिता रोहित 25 वर्ष ग्राम लिमतरा थाना अर्जुनी को रंगेहाथ पकड़ा है। जुआ फड़ व जुआरियों के कब्जे से नकदी 15 हजार



400 रुपए, एक मारुति वेगनआर कार कीमत 75 हजार कुल कीमत 90 हजार 400 रुपए की जब्ती कार्रवाई की गई है। पुलिस ने थाना कोतवाली में धारा 3/2 व छग जुआ एक्ट प्रतिबंध अधिनियम व बीएनएस अंतर्गत प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गोपाल साहू, गजेंद्र साहू व धर्मेंद्र साहू को गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया है।

## डांडेसरा में गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गांजा तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया और मादक पदार्थ जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर एक प्लेटिना मोटरसाइकिल में मादक पदार्थ गांजा लेकर डांडेसरा नहर पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम नीरज कुमार ध्रुवंशी पिता वेशलाल ध्रुवंशी उम्र 21 वर्ष निवासी कसही थाना कुरूद जिला धमतरी बताया। एक काले रंग के छीटदार बैग के अंदा एक पीले पॉलीथिन में 479 ग्राम एवं एक भूरे रंग की पॉलीथिन में



1.020 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (कुल 1.499 किलोग्राम अनुमानित कीमत 15,000 रूपये ) बरामद किया गया। साथ ही एक पुरानी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्र. सीजी 05 ई 6871 भी जब्त की गई। धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## नवागांव का एग्रीस्टेक फार्मर कोड गलत



- किसान कार्ड से वंचित किसानों ने कोड को दुरूस्त कराने की मांग कलेक्टर से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत झुरा नवागांव के किसान फार्मर रजिस्ट्री को लेकर परेशान है। गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री कोड को दुरूस्त करने की मांग की है। झुरा नवागांव सरपंच फलेंद्र साहू ने बताया कि ग्राम झुरा नवागांव पहनं 10 रानिमं छाती का एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री कोर्ड मेपिक 447153 गलत है। जिसके कारण भारत सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। वर्तमान में खरीफ फसल धान का पंजीयन किसान कार्ड के बिना नहीं हो पा रहा है। किसान कार्ड नहीं बन पाने से शासन की योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। किसानों ने एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री ग्राम कोड 447153 को सही कर 447049 करने की मांग की है। इस दौरान नवागांव के अनेक किसान कलेक्टोरेट में मौजूद थे।

## नगर पंचायत को मिला पेयजल टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी को पेयजल आपूर्ति के लिए एक टैंकर उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सिहावा विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू सहित नगर पंचायत नगरी के पार्षद उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने पेयजल के समाधान के लिए इस पहल को सराहा और इसे आमजन की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



# शालेय खेल प्रतियोगिता में 170 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शालेय खेल अंतर्गत विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स एवं खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री थॉमस पॉल, विकासखंड खेल प्रभारी खेमराज साहू, व्यायाम शिक्षक खोमन सहारे, अशोक गजबल्ला,



श्रीमती धनेन्द्र सोरी, कमलेश साहू, सैमुएल मसीह, केशव जलक्षत्री, योगेश ध्रुव एवं गोपिका बारीक की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर एवं माध्यमिक विद्यालय कन्या दुगली, घुरावड़, बिरगुड़ी, बेलरगांव, सलोनी तथा सेजेस नगरी सहित विभिन्न विद्यालयों से लगभग 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल कौशल के आधार पर बालक व बालिका वर्ग के अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नगरी विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, बीआरसी प्रकाश चंद्र साहू एवं खेल संयोजक प्राचार्य संतोष कुमार प्रजापति ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस आयोजन में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग रहा।

### बच्चों की पढ़ाई व सुरक्षा को लेकर पालकों में चिंता

# शिक्षकों की हड़ताल का असर : मध्यान्ह भोजन के बाद दे दी गई छुट्टी, बच्चे खेलते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

22 अगस्त को विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर रहकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में स्कूल, कॉलेज, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व, सिंचाई, पंचायत, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, न्यायालय विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। हड़ताल का असर स्कूलों में भी साफ दिखाई दिया। कई शालाओं में स्थिति ऐसी बन कि बच्चों को केवल मध्यान्ह भोजन परोसा गया





और उसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

ग्राम पंचायत बिरनासिली के संकुल केंद्र रतावा अंतर्गत माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला आमगांव वन में गुरुवार को यही हालात देखने को मिले। दोपहर में समय पूर्व छुट्टी मिलने के बाद बच्चे विद्यालय परिसर के बाहर दीवारों पर चढ़कर खेलते नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालयों में नियमित पढ़ाई न होने से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। बिना देखरेख के खेलते समय उनके साथ अप्रिय घटना की आशंका भी बनी रहती है। हाल ही में खेल-खेल में एक छात्र घायल हो चुका है, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थित रही तो बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा मंडराएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है।

## अंचल की खबरें

### अच्छी फसल के लिए महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**नगरी।** ग्राम उमरगांव के शीतला मंदिर में गांव की सुख-समृद्धि एवं निरोगी फसल हेतु महिलाएं तीन गुरुवार तक व्रत रखकर अपने खेतों में पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करती हैं। अंतिम गुरुवार को माता शीतला मंदिर प्रांगण में हवन पूजन पुरोहित दिलीप पाठक द्वारा विधि-विधान से कराया गया। इस अवसर पर ग्राम समिति के पदाधिकारी कृष्ण कुमार मारकोले, लखन पुजारी, जनक साहू, मंशा सोम, रामबाई साहू, हेमलता साहू, दामिनी पुजारी, गीतांजलि साहू, नीता साहू, अंजनि सेन, चन्द्रिका साहू, कामेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### सशिमं में नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन



**कुरूद।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कुरूद में नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में सुदामाराम साहू थे। अध्यक्ष देवनाथ सोनी, उपाध्यक्ष तिलोकचंद जैन, सचिव एलपी गोस्वामी, सहसचिव नेमीचंद बैस, कोषाध्यक्ष सुरेश महावर नियुक्त हुए। इनकी नियुक्ति पर समिति के सदस्य रामायणलाल साहू, वेदनाथ चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, श्रीमती सिंधु बैस, श्रीमती लक्ष्मी रेड्डी, अमोलकराम साहू, प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर ने हर्ष जाहिर किया है।

### सरबदा के छात्र-छात्राएं जूडो खेलने जगदलपुर रवाना



**जीजामगांव।** जगदलपुर में आयोजित 13वीं इंटरस्कूल जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने नानी कल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम सरबदा के छात्र-छात्राएं रवाना हुए। छात्र-छात्राएं गायत्री साहू, लीलिमा साहू, ओमप्रकाश साहू, गगन गोस्वामी, खिलेन्द्र साहू, मोनेश साहू, वर्षा साहू, अरविंद साहू, ऋषभ साहू, लवकुमार साहू, सत्यप्रकाश, जलज पटेल, मोक्षित साहू, पूर्वा साहू, उन्नति यादव, पल्लवी साहू, हर्षिता मिश्रा, भीगी यादव, हुमांशी साहू, डोमेश्वरी यादव, तेजल देवांगन, गुत्रेक्ष यादव, वेदांतपुरी गोस्वामी, हंसिका ध्रुव, गरिमा ध्रुव, खुशबू सिन्हा स्पोर्ट टीचर श्रीमती ऊषा गोस्वामी, सुश्री होसाना पूर्ति, शिक्षक पुनेश साहू एवं प्राचार्य वायपी गोस्वामी के नेतृत्व में रवाना हुए।

### रामपुर स्कूल में छात्रों-शिक्षकों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**बगदेही(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शासन के आदेशानुसार सभी स्कूलों में 19 अगस्त से 13 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम नशा मुक्त छत्तीसगढ़ रखा गया था। इसमें स्कूल के चारों हाऊस के बच्चों ने हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पार्षद ने हितग्राही को राशन कार्ड वितरित किया



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र. 13 की निवासी मुनिया सेवई को अब राशन सुविधा का लाभ मिलेगा। हितग्राही ने पार्षद यशकरण पटेल से राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। पार्षद श्री पटेल ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं मुनिया सेवई के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर तत्काल राशनकार्ड उपलब्ध करवाया। मुनिया सेवई ने पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा।

### सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की मांग

**पुरी।** केंद्र सरकार सहित छग सरकार द्वारा निरंतर सहकार से समृद्धि लाने के लिए प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रमों के लिए करोड़ों खर्च की जा रही है, लेकिन धरातल पर सहकारिता के नींव कही जाने वाली प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन खराब होती जा रही है। जब तक धान खरीदी में परिवहन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा सकती तब तक सहकारी समितियों को आर्थिक लाभ की ओर अग्रसर नहीं किया जा सकता। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि जब समितियां लाभ पर रहेंगी तो अंशधारी किसानों को सर्व सुविधायुक्त कार्यालय, शुद्ध पेयजल, टायलेट, जमा राशि पर लाभांश मिलेगा एवं कर्मचारियों को भी सम्मानजनक वेतन, भत्ते, भविष्यनिधी, ग्रेजुएटी, पेंशन आदि मिलेगी। उन्होंने छग सरकार सहित केंद्र सरकार से सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की मांग की।

## अंचल की खबरें

### संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में हलषष्ठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने उपवास रखकर अपनी संतान की दीर्घायु की कामना की। सगरीस्वरूप माता पार्वती की पूजा की। पं राजकुमार पांडे से छह प्रकार की कथा सुनी। मौके पर बसंती यादव, हेमलता, यादव, सतरूपा नेताम, गोमती नेताम, राजेश्वरी साहू, कुनीता, सीमा सेन, चित्रलेखा, नीलम, रेशमी, गीता, मधु, किरण, जया समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### छग टीचर्स एसोसिएशन 1 सितंबर को घेरेगा जेडी कार्यालय



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारिक, जिलाध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकार के मार्गदर्शन एवं धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम के नेतृत्व में 20 अगस्त को एसडीएम पीयूष तिवारी तथा बीईओ एलडी चौधरी के माध्यम से कमिश्नर रायपुर संभाग, डीपीआई लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर के नाम शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शालाप्रधान पाठक के पद पर करने एवं अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपकर 31 अगस्त तक पदोन्नति न होने की स्थिति में 1 सितम्बर को जेडी कार्यालय का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया।

### विशेष बच्चों के साथ मनाया आजादी का जश्न



**धमतरी।** कौशिल्या माता समिति ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने एक्ज़ेक्ट फाउंडेशन के विशेष बच्चों और वृद्धा आश्रम के लोगों के बीच आजादी पर्व के साथ जन्माष्टमी की खुशियां बांटी। समिति की महिलाओं का कहना था कि विशेष बच्चों के बीच पहुंचकर आत्मीयता का अनुभव हुआ। वास्तव में लगा कि इन बच्चों को स्नेह की जरूरत है। इस अवसर पर कौशिल्या माता समिति की जिला प्रमुख बरखा शर्मा के साथ शहर अध्यक्ष शोभा दुबे, रानी पांडेय, ऋतु शर्मा, अनामिका शर्मा, आयुषी पांडेय, रानू त्रिपाठी, प्रीति द्विवेदी, रूपा झा, कविता मिश्रा, सरिता मिश्रा, कौशल मिश्रा, अंकिता मिश्रा, रानी मिश्रा आदि उपस्थित थीं।

### पर्यूषण पर्व पर निगम टीम ने चिकन, मटन की दुकानों को बंद कराया



**धमतरी।** जैन समाज के पर्यूषण पर्व पर नगर निगम द्वारा धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करते हुए विशेष पहल की गई। शासन के निर्देशन में निगम अमला शहर के विभिन्न हिस्सों में पहुंचा और वहां स्थित चिकन एवं मटन की दुकानों को बंद कराया गया। निगम अमले ने दुकानदारों से सहयोग की अपील की, जिस पर दुकानदारों ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। निगम अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यवाही का उद्देश्य किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना है।

### कुकरेल में नवीन ग्रंथालय का शुभारंभ



**कुकरेल(धमतरी)।** तहसील कुकरेल में नवीन ग्रंथालय का शुभारंभ ज्ञान की देवी माता सरस्वती के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मौके पर तहसीलदार चिम्मन ध्रुव, पटवारी कुशल कुंजाम, आरआई संजय सोनी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नवीन चंद्राकर, योगेंद्र श्रीमाली, ऋषिकपुर, गंगेले, निर्मला साहू, चंद्रिका बंजारे, वंशा शुक्ला के अलावा कुकरेल उपसरपंच अशोक यादव, वार्ड पंच प्रवीण साहू, विवेक कतलाम, सर्व कोटवार, नेकू परते, दीपेश ध्रुव, हेमंत मरकाम समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### सेन समाज के पदाधिकारी महापौर से मिले



**धमतरी।** सेन समाज एवं सेलून एसोसिएशन संघ के पदाधिकारियों ने महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने समाज की ओर से महत्वपूर्ण मांगें रखी। पदाधिकारियों ने रुद्री रोड आमातालाब मार्ग स्थित चौक का नामकरण समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज के नाम पर करने का आग्रह किया। साथ ही चौक पर महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी की। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पहल न केवल सेन समाज बल्कि पूरे नगर के लिए गौरव का विषय होगी, जिससे युवाओं को संत सेनजी महाराज के जीवन दर्शन एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा। महापौर ने पदाधिकारियों की मांग को ध्यानपूर्वक सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया कि प्रस्ताव को संबंधित मंच पर प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सेन समाज एवं सेलून एसोसिएशन संघ के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

---

नगर पालिका अध्यक्ष ने कुरुद में पॉलीटेक्निक कालेज के प्रथम बैच की कक्षाओं का किया शुभारंभ

# तकनीक को आगे बढ़ने का साधन बनाएं, बाधा नहीं : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सैद्धांतिक ज्ञान और व्यवहारिक कौशल की खाई को पाटने के उद्देश्य से विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर नवगठित पॉलीटेक्निक कॉलेज कुरूद में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं का नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया।



शुक्रवार को एक सादे कार्यक्रम में प्राचार्य जीके साहू की अध्यक्षता में नवीन पालीटेक्निक कॉलेज का शुभारंभ करते हुए छात्र-छात्राओं से नपा अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आप प्रथम बैच का हिस्सा बनने जा रहे हैं। यह आपके लिए सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, यह हमें अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यभाव भी सिखाती है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर हमारे नेता अजय चंद्राकर ने यह सौगात दिलाई है। उस तकनीक का सही उपयोग करना जरूरी है। मोबाइल फोन उन लोगों के लिए वरदान है जो इसे अपने कार्य में लगाते हैं, लेकिन जिनके लिए यह आवश्यक नहीं, उनके लिए यह केवल समय बर्बादी का साधन बन जाता है। इसलिए तकनीक को साधन बनाएं, बाधा नहीं। इस अवसर पर ईश्वरलाल देशमुख विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस, चन्द्रेश देशमुख विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स, डॉ. निधि शुक्ला व्याख्याता केमिस्ट्री, प्रियंका भगत व्याख्याता कंप्यूटर साइंस, श्रद्धा तिवारी व्याख्याता इलेक्ट्रॉनिक्स, रश्मि स्वामी व्याख्याता इलेक्ट्रॉनिक्स, देवेंद्र कुमार, कारुन गजभिए सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पालक और शिक्षकगण मौजूद थे।




#### तकनीकी और औद्योगिक विकास का केंद्र बनेगा कुरूद

अभिवावकों ने कहा कि कुरूद में पॉलीटेक्निक कॉलेज का आरंभ न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। अभिभावकों ने भी इस नई शुरुआत पर प्रसन्नता जताई और आशा व्यक्त की कि यह संस्था आने वाले समय में कुरूद को तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगी। यह अवसर केवल एक नई संस्था की शुरुआत नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार और प्रगति की नई ज्योति प्रज्ज्वलित होने का क्षण है। भले ही स्थायी भवन का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन शिक्षा के इस नए अध्याय से पूरे क्षेत्र में उत्साह और गौरव का माहौल है।

#### सीमेंट टेक्नालॉजी समेत चार ट्रेड में होगी पढ़ाई

स्वागत भाषण में प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि हमारा संस्थान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (**AICTE**) से मान्यता प्राप्त है और यहां चार प्रमुख डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिसमे सीमेंट टेक्नोलॉजी, बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन, माइनिंग एंड माइन सर्वेयिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग है। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। अनुशासन, परिश्रम और नवाचार को अपना आधार बनाइए, तभी आप तकनीकी दुनिया में सफल होंगे।

---

## कुट्टी मशीन में युवक की हथेली कटकर हुई अलग



**ग्राम खरतुली की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पैरा कुट्टी करते समय युवक का हाथ मशीन की चपेट में आ गया। इस घटना में युवक की हथेली कटकर अलग हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरतुली निवासी जगपाल साहू पिता बृजलाल उम्र 37 वर्ष मजदूरी पर पैराकुट्टी मशीन से कुट्टी काटने का काम करता है। शुक्रवार को युवक गांव में ही पैरा कुट्टी काटने का काम कर रहा था। कुट्टी काटते समय युवक का हाथ अचानक मशीन के भीतर चला गया। इस घटना में युवक का बायां हाथ कटकर हथेली से अलग हो गया। हथेली के कट जाने से युवक खून से लथपथ हो गया। सूचना पर संजीवनी 108 मौके पर पहुंची औा घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए तत्काल रायपुर रिफर कर दिया। घायल को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## वाद्ययंत्रों के रखरखाव के लिए सहयोग राशि मांगी



- राजमानस संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री राजमानस संघ ने मानस मंडलियों के वाद्ययंत्रों के रखरखाव के लिए सहयोग राशि की मांग की है। गुरुवार को राजमानस संघ के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू सहित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि संघ का पंजीयन 9 मार्च 1997 से है। इसके अंतर्गत लगभग 3000 मानस मंडली है, जो रामकथा का प्रचार प्रसार, नशामुक्ति, पर्यावरण, पौधरोपण आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही है। बालक-बालिका, महिला-पुरूष वर्ग की मानस मंडली प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी श्रीरामकथा का प्रचार प्रसार कर रही है। संघ ने कहा है कि विगत दो वर्षों से छग शासन मान्यता प्राप्त चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत मंडली को 5000 रूपए वाद्ययंत्रों के रखरखाव के लिए दिया जाता था, लेकिन वर्तमान में सहयोग राशि नहीं दी जा रही है। संघ ने मानस मंडलियों को पुनः सहयोग राशि प्रदान करने की मांग की है।

## आज पोला : चौक-चौराहों पर बिक रहे नांदिया बैल और पोरा जांता



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कृषि संस्कृति और परंपरा का प्रतीक पर्व पोला तिहार की रौनक नगर में दिखाई देने लगी है। पोला से पहले नगर के चौक-चौराहों पर आकर्षक ढंग से सजे बैल और रंग-बिरंगे पोरा जांता लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

स्थानीय व्यापारी नरेंद्र प्रजापति, सीमांत प्रजापति ,संतु प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, ऋषि प्रजापति ने बताया कि मिट्टी से बने छोटे- बड़े बैल 50-100 तथा पोला जांता 80 से 100 रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध हैं। लकड़ी के बैल की कीमत 100 से 150 रुपये तक है। उन्होंने बताया कि दिनोंदिन लकड़ी और पेंट की बढ़ती महंगाई में भी कुम्हार समाज अपनी परंपरा का निर्वहन कर रहा है। बच्चों और युवाओं में इन्हें खरीदने का खास उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में भी आज से सजावटी नदी बैल और पोला जांता की झलक देखने को मिलेगी। पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर नगरवासी तैयारियों में जुट गए हैं।

---

## स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम : 230 कुपोषित बच्चों को मिला सुपोषण मोदक

- आयुष विभाग, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से बच्चों को मिलेगा लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में आयोजित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं सुपोषण गतिविधियों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड कुरूद के 230 गंभीर कुपोषित बच्चों को आयुष विभाग द्वारा स्वर्णप्रशन, सुपोषण मोदक का सेवन कराया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया गया। बच्चों को नियमित रूप से माह में दो बार आयुष चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को स्वस्थ और सुपोषित बनाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी को निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सतत निगरानी एवं मूल्यांकन की व्यवस्था करें। श्री मिश्रा ने कहा कि कुपोषण मुक्त धमतरी बनाने की दिशा में आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भूमिका अहम है।




#### कुरूद विखं के 230 कुपोषित बच्चों को मिलेगी आयुर्वेदिक दवाई : डॉ. पचौरी

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि कुरूद विकासखंड के 230 कुपोषित बच्चों को 6 आयुष केन्द्रों के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेदिक औषधि दी जाएगी, जिसमें स्वर्णप्राशन, आयुष मोदक शामिल हैं। इसमें से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में बेहतर ट्रीटमेंट के लिए रिफर किया जाएगा जहां आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथी दवाई के सहयोग से बच्चों को पूरी तरह स्वस्थ किया जाएगा।

## होटल-ढाबों की चेकिंग में तीन के खिलाफ कार्रवाई

अवैध शराब पर शिकंजा कसने पुलिस हुई सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिलेभर में होटल-ढाबों एवं लॉज पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अब तक दो ढाबा संचालक जेल भेजे जा चुके हैं। वहीं तीन के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस द्वारा होटल व ढाबों में शराबखोरी या बिक्री पर शिकंजा कसने चेकिंग अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब की बिक्री व सेवन पर रोक लगाना है। इसके साथ ही सेहत व ढाबा के संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों को शराबखोरी का अड्डा नहीं बनाने देने की चेतावनी दी गई है। अवैध शराब की बिक्री व सेवन कराते पाए जाने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किए जाने की समझाईश दी गई। बीते दो दिनों में पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले दो ढाबा संचालकों को जेल भेजा है। चेकिंग के दौरान लल्लू ढाबा संचालक विकास गेडाम निवासी सियादेही अरौद व भाठागांव के पंजाबी ढाबा के संचालक लक्की उर्फ हरप्रीतसिंह ग्राम मेघा निवासी को अपने ढाबा में अवैध शराब बिक्री करने व परोसते पाए जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



#### सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी नहीं करने की अपील

पुलिस ने आम नागरिकों को होटल ढाबा या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी नहीं करने व अवैध शराब की बिक्री की सूचना तत्काल निकटतम थाना या कंट्रोल रूम में देने की अपील की है।

#### मगरलोड पुलिस की कार्रवाई

चेकिंग अभियान के तहत मगरलोड पुलिस ने अमरसिंह पिता रामेश्वर निषाद 60 वर्ष को अपने होटल व ढाबा में शराब पीने का सामान उपलब्ध कराते पाया गया। इसी तरह पुलिस ने भावेश निषाद पिता धनश्याम 25 वर्ष को अपने पानठेला में शराबखोरी कराते पकड़ा है।

#### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

सिटी कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत कुशलराव पिता सुभाष मराठापारा निवासी को गोलू ढाबा के सामने अवैध रूप से शराब की बिक्री करते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 3 पौवा देशी व 8 पौवा अंग्रेजी अवैध शराब बरामद की है।

---

कुम्हारी में गुरु बालक दास जयंती पर समाजजनों ने शोभायात्रा निकाली

# संवैधानिक अधिकारों के लिए हमें लड़ना होगा : जीवराखन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

महापुरुषों की जयंती से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन को कैसे जीना चाहिए। गुरु बालक दास ने अपने जीवन की आहुति देकर समाज के अस्तित्व को बचाए। उन्होंने संगठन शक्ति और सम्मान की लड़ाई पर जोर दिया था, इसलिए छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अखाड़ा चलता था। उक्त बातें गुरु बालक दास जयंती समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के धमतरी जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने ग्राम कुम्हारी (अंवरी) में कही। उन्होंने कहा कि सभी आरक्षित वर्गों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है।



आरक्षण कोई संवैधानिक शब्द नहीं है। हमें संवैधानिक हक, अधिकारों को बचाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा को बचाने के लिए एससी, एसटी और ओबीसी समाज को मिलकर स्कूल खोलने की आवश्यकता है अतिथियों ने गुरु घासीदास, राजा गुरु बालक दास, नकुल देव ढीढी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं जैतखाम में दीप जलाया। आयोजक समिति के रूपेंद्र बघेल और ग्रामीणों ने अतिथियों का श्वेत चंदन लगाकर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे ने कहा कि हमारा समाज अपने सच्चे को इतिहास को पढ़ा। इससे पहले भी मूल निवासी समाज भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जन्माष्टमी मानता था. लेकिन मानवता नापसंद लोगों ने जन्माष्टमी के स्वरूप और उद्देश्य को ही परिवर्तित कर दिया। मूल निवासी समाज द्वारा जन्माष्टमी मनाने का पुरातात्विक प्रमाण मिलता है। आज हम गुरु बालक दास जयंती को मित्रता दिवस के रूप में मना रहे हैं क्योंकि गुरु घासीदास और सोनाखान के राजा रामसाय और वीर नारायण सिंह और गुरु बालक दास की गहरी मित्रता थी। हम दादा नकुल देव ढीढी को भी नमन करते हैं, जिन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रेरणा से गुरु घासीदास जयंती मनाने की शुरुआत की और देश में सतनाम के समतावादी विचारों का प्रचार प्रसार किया।

समाजजनों ने एकता का परिचय देते हुए सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम को बौद्ध समाज के जिलाध्यक्ष पालनहार मेश्राम, अजजा शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम, कुम्हारी सरपंच मंजुलता साहू, उपसरपंच बालाराम टंडन, आरपी संभाकर, हीरालाल बंजारे, नवीन मार्कंडेय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी ग्रामीण, लक्ष्यवीर बांधे अध्यक्ष सतनामी समाज उप तहसील खोरपा, खेमचंद देशलहरे ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि सतनामी समाज के जिला सचिव खिलावन बारले, ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, विष्णु टंडन, तोरण अनीश्वरी, अशोक बंजारे, दिनेश्वर बंजारे, मीना कुर्रे, सचिवगण रूपेंद्र बघेल, घनानंद सोनवानी, हीरालाल बघेल, राजकुमार टंडन, भगवानसिंह टंडन और सुकृति महिलांगे थे। अतिथियों को शाल, सतफल, नकुल देव ढीढी का छायाचित्र, भारतीय संविधान की उद्देशिका, सतनाम पंथ और किताब भेंट की।

कार्यक्रम में भूपेश बघेल, तरुण जांगड़े, दीपक कुमार, बिरझु, शोभाराम सोनवानी, प्रदीप बघेल, गोवर्धन, लक्ष्यकुमार, काशी, खेमचंद, राधेलाल, डेरहाराम, शिव, भगवानदास, सुखऊ बघेल, मुकेश, तमेश, किशोर, प्रकाश, विजय, सागर, डाकेश, कोमल का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### निखिल का शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में चयन



**धमतरी।** आकाशगंगा कॉलोनी निवासी निखिल साहू का पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। उन्होंने प्रवेश ले लिया है। निखिल ने 12वीं की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय लोहरसी से पास की थी। उसके बाद भिलाई में कोचिंग की और पहले अटेम्प्ट में ही नीट की परीक्षा क्लियर की। उन्हें अच्छा रैंक प्राप्त हुआ था। काउंसिलिंग के दौरान उन्हें रायपुर शासकीय मेडिकल कॉलेज मिला। निखिल आमदी संकुल समन्वयक दीपेंद्र साहू और व्याख्याता पूर्णिमा साहू के बेटे, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सतीश साहू के नाती और डॉ भूपेंद्र साहू के भतीजे हैं। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों और ईष्ट मित्रों में हर्ष व्याप्त है।

### एमबीबीएस में गरिमा का चयन



**कोर्रा(भखारा)।** नगर पंचायत भखारा की वार्ड क्र. 2 निवासी गरिमा साहू पिता संतोष साहू का नीट परीक्षा के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर महेंद्र साहू, सोमनाथ साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज, नितिन साहू, डॉ एमएस हरदेल, अनिल साहू शिक्षक, हेमंत साहू शिक्षक, बीरेंद्र साहू सेनि प्रधानपाठक, राजकुमार गौर, नीरज परिहार, तुलाराम निर्मलकर, कुलदीप गौर, घनश्याम सिंह परिहार ने हर्ष जताया है।

### कांग्रेसियों का प्रदर्शन हास्यास्पद : पंडित



**धमतरी।** भाजपा नेता महेंद्र पंडित ने कहा कि नगर निगम में कांग्रेसियों का प्रदर्शन हास्यास्पद है। जागरूक नगरवासियों ने घोटाले और भ्रष्टाचार की सजा के तहत इन्हें निगम से बाहर का दरवाजा दिखाया ही नहीं बल्कि नगर निगम में कांग्रेस का सफाया कर इकाई के आंकड़े में पहुंचा दिया। कांग्रेसियों का प्रदर्शन चोरी ऊपर से सीना जोरी की कहावत का उदाहरण मात्र है। आगे कहा कि अगर कांग्रेसियों को धमतरी का विकास दिखाई नहीं दे रहा है तो उन्हें अपनी आंखों का इलाज करवाना चाहिए।

### राष्ट्र की एकता और अखंडता का लिया संकल्प

**नगरी।** अखण्ड भारत संकल्प दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता की आरती कर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड व्यवस्था प्रमुख रूपेन्द्र साहू, निखिल साहू, परमेश्वर सोनबेर, नीलम साहू, निखिल नेताम, नीलेश नेताम एवं वासुदेव यादव की उपस्थिति रही।

27 अगस्त से विघ्न विनाशक गणेशजी 11 दिन के लिए स्थापित होंगे

# आज मनेगा पोला पर्व, तीजा व्रत 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



इस वर्ष पोला का त्योहार 23 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। 25 अगस्त सोमवार को तिजहारिनें (कडू भात) करेला की सब्जी के साथ चावल का सेवन कर निर्जला उपवास रखेंगी। 26 अगस्त को दिनभर उपवास रखकर 27 अगस्त को व्रत तोड़ेंगी। इस कठिन व्रत को पूरा करने में 36 घंटे का समय लगता है। इसी दिन 27 अगस्त को शुभ मुहूर्त में विघ्न विनाशक श्री गणेशजी की प्रतिमा 11 दिन के लिए स्थापित होगी। पोला त्योहार में बैलों और गौवंशों की पूजा होती है। मिट्टी के बैल से बच्चे खेलते हैं। पोरा जांता से लड़कियां खेलती हैं। कृषक इस दिन खेतों में लगी फसल की पूजा करते हैं। मीठा चीला का भोग लगाकर खेतों एवं देवी देवताओं में चढ़ाते हैं। पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि 23 अगस्त को पोला त्योहार मनाना उचित है। इस दिन भगवान कृष्ण ने पुलासुर नामक राक्षस का वध किया था।

पं. अशोक शास्त्री ने बताया कि पोला खेती किसानी से जुड़ा पर्व है। किसान अपने मवेशी के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद प्रकट करते हैं। मवेशी किसान का हिस्सा है। इस दिन से मवेशी आराम करते हैं। नहला धुलाकर बैलों को सजाकर पूजा करते हैं। इस दिन मिट्टी के बैलों की पूजा करने का रिवाज है। पूजा के बाद बच्चे खिलौने से खेलते हैं। त्योहार पर तरह-तरह का छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनता है। ठेठरी, खुरमी, सोहारी, खीर, पूड़ी, सेवई, मीठा चीला, फरा, उड़द बड़ा, कुम्हड़ा, कोचई की खट्टा सब्जी बनेगी। कृषक गोवर्धन साहू, हरि साहू, कीर्तन पटेल, हीरालाल निषाद का कहना है कि इस दिन अन्नमाता गर्भधारण करती है। धान के पौधों में दूध भर जाता है। इस दिन खेतों में कोई काम नहीं होता। पूजा पाठ के बाद खेतों से सीधे घर आते हैं। धान फसल को मीठा चीला का भोग लगाते हैं। पोला के बाद 26 को तीजा व्रत का त्योहार है। तिजहारिनें पोला के दिन से मायके जाने का सिलसिला प्रारंभ कर देती हैं। मायका आने पर 25 अगस्त सोमवार को करेला की सब्जी व चावल (कडूभात) का सेवन कर अगले 36 घंटे तक के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। 27 अगस्त को व्रत खोलेंगी।

27 अगस्त को अंचल में गणेशजी की स्थापना होगी। भक्तगण सुबह शाम गणेश जी पूजा में लीन रहेंगे। मूर्तिकारों ने गणेश की प्रतिमाएं पूरी कर ली है। छोटी प्रतिमाएं 300 से 400 रूपये, बड़ी और मध्यम प्रतिमाएं 500 रूपये से 10 हजार तक है। बड़ी-बड़ी समितियों के पंडाल तैयार हो रहे हैं। वार्डों में छोटी-छोटी समितियां भी गणेश उत्सव की तैयारी में जुटी हैं। गणेश जी की स्थापना का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से देर शाम तक है। इधर त्योहार को देखते हुए बाजार पूरी तरह सज गया है। व्यापारी माल स्टॉक में कर लिए है। फुटपाथी सामग्री बेचने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। इस समय मिट्टी के बैल, पोरा जांता, दीया, धूप, बत्ती आदि की बिक्री हो रही है। मूर्तिकार सत्यनारायण कुंभकर, पुनिया कुंभकार ने बताया कि मिट्टी की बैल जोड़ी 100-120, पोरा जांता सेट 120, दीया 200 सैकड़ा, धूपदानी 40 से 100 रूपये बिक रहे हैं।

## पवई रानी वाटरफॉल की प्राकृतिक छटा देखने पहुंच रहे पर्यटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी


नगरी सिहावा मार्ग क्षेत्र में ग्राम पहंदा के पास स्थित पवई रानी वॉटरफॉल अपनी प्राकृतिक छटा बिखेर रहा है। बारिश में झरना पूरे शबाब पर है। ऊपर से नीचे गिरते पानी की कलकल ध्वनि बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसे देखने दूर-दूर से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। वॉटरफॉल घने जंगलों के बीच है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में यह झरना काफी आकर्षक एवं देखने लायक होती है जो पयर्टकों को यहां आने मजबूर कर देती है।

भविष्य में अच्छा पिकनिक स्पॉट बन सकता है। ग्रामीणों का मानना है कि मातारानी सुंदर झरने के अंदर विराजमान रहती हैं। यह स्थल धार्मिक आस्था का भी प्रतीक है। चैत्र मास में नवरात्रि समाप्त होते ही यहां जात्रा के रुप में आसपास के ग्रामीणों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। मन्नतें मांगते हैं। यहां धमतरी से भोयना-लीलर- सलोनी होते हुए पहंदा पहुंचा जा सकता है। कुरूद से दोनर होते हुए पहंदा आ सकते हैं। मेघा से मोहंदी राजपुर-पहंदा का रास्ता भी सुलभ है।

## मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति करेगी पांच सौ बच्चों का सम्मान

- रिटायर्ड अधिकारी कर्मचारियों ने बनाई है संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेश भर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

ब्लॉक प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

## वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी से जनता को अवगत कराएं : पवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भखारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रभारी आनंद पवार ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, नीलम चन्द्राकर, लेखराम साहू, गोविंद साहू, शारदा देवी साहू, विक्रांत पावर, गौतम वाधवानी शामिल हुए। भखारा प्रभारी आनंद पवार ने कहा कि कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पूरे देश में एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज पूरे प्रदेश में संगठन सृजन का कार्य चला रहे हैं। इसी के तहत भखारा क्षेत्र में नए ब्लॉक अध्यक्ष चयन के लिए आवेदन लिया गया। श्री पवार ने बताया कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिस तरह पूरे देश की जनता के लिए समर्पित होकर काम कर रहे हैं। वैसे ही हमारा कर्तव्य है कि हम अपने क्षेत्र की जनता के समक्ष पार्टी की विचारधारा को और वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी को उजागर करे। जिला अध्यक्ष श्री लोहाना ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में घूम -घूमकर वोट चोर के ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। हम सबको मिलकर पार्टी को मजबूत करना है और इन वोट चोरों की पोल खोलनी है। इस दौरान नए ब्लॉक अध्यक्ष के लिए पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू, महेन्द्र साहू, होमेन्द्र साहू, चमन लाल साहू , डोमार सिंह साहू, गोपी किशन साहू, पुष्पेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा ने आवेदन दिया। बैठक में जनपद सदस्य विनीता सिन्हा, अनुसुइया रात्रे अविनाश सिंहगौर, नेता प्रतिपक्ष बबीता प्रमोद सिंह, जनपद सदस्य विनोद साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ हरदेल, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू, संतोषी निषाद, चमन साहू, गैंद लाल, राजा बंजारे, पार्षद गण मेघराज साहू, भानु गायकवाड़, सेक्टर अध्यक्ष सूर्यकांत साहू, अशोक साहू, दिलीप साहू, चुरामन साहू, घनश्याम साहू, टेक राम, गौतम देवांगन, सुनील साहू, दया साहू उपस्थित थे।

## हेरोइन का सौदागर गिरफ्तार 6 हजार का चिट्टा जब्त

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अवैध मादक पदार्थ हेरोइन को बेचने ग्राहक तलाश रहे नशे के सौदागर को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरापी के कब्जे से 6 हजार कीमत के हेरोइन चिट्टा बरामद किया है।

कोतवाली पुलिस गुरुवार की शाम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सोरिद डिपोपारा में स्थित कलामंच के पास एक युवक द्वारा अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा की बिक्री करने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल सोरिद डिपोपारा पहुंची और घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम रवि सोनी पिता मोतीलाल उम्र 39 वर्ष जोधापुर वार्ड निवासी बताया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 6 नग हेरोइन चिट्टा वजन एक ग्राम कीमत 6 हजार रूपए, मोबाइल फोन व अन्य सामान कुल कीमत 15 हजार 100 रुपए बरामद किया। आरोपी अवैध मादक पदार्थ हेरोइन की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने थाना कोतवाली से धारा 21/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी रवि सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थ की बिक्री पर नजर रख रही है। नशे की तस्करी व खपत पर रोक लगाने पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दर्री के पंचायत प्रतिनिधियों ने किया प्रदेश सह कार्यालय मंत्री का सम्मान



- मोदीजी के सबका साथ, सबका विकास, मूलमंत्र को आगे बढ़ाना है : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्येय वाक्य के साथ ही विकसित भारत का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास की भावनाओं को आत्मसात करते हुए सामूहिकता के साथ आगे बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने कही। गौरतलब है कि श्री गांधी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों, शहर की जनता, विभिन्न समाज सेवी संगठनों, गणमान्य नागरिकों से मुलाकात का सिलसिला प्रारंभ है। इसी तारतम्य में ग्राम दर्री के पंचायत प्रतिनिधि जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, सरपंच हिमांशु शेखर साहू, उपसरपंच निरंजन साहू तथा ग्राम के वरिष्ठों ने प्रीतेश गांधी का स्वागत व सम्मान किया। साथ ही गांव की समस्याओं से अवगत कराकर जाने पर उन्होंने त्वरित रूप से उनके निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर खरेंगा सोसाइटी अध्यक्ष शेखर साहू, खुमान सिंह, कांशीराम साहू, विशु चक्रधारी, ग्राम विकास समिति दर्री के अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष माखन यादव, डिगेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेमरा और मड़ईभाठा में स्टॉपडेम निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

### विधायक ने दिलाई ग्रामीण अंचल को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



धमतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सिंचाई और जल संरक्षण को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। विधायक ओंकार साहू के अथक प्रयास से ग्राम सेमरा (बी) के देवरी नाला पर स्टॉपडेम निर्माण हेतु राज्य शासन द्वारा 335.33 लाख (तीन करोड़ पैतीस लाख तैंतीस हजार) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में ग्राम मड़ईभाठा में भी स्टॉपडेम निर्माण 181 लाख (एक करोड़ इक्यासी लाख) की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र के हजारों किसानों और ग्रामीणों को स्थायी लाभ मिलेगा। विधायक श्री साहू ने कहा सेमरा ग्राम के देवरी नाला और मड़ईभाठा में बनने वाले स्टॉपडेम किसानों की जिंदगी में नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर आएंगे। इनसे सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, भू-जल स्तर मजबूत होगा और ग्रामीण अंचल में पेयजल व आवागमन की समस्या का समाधान होगा। यह धमतरी क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

विधायक ने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री और विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे धमतरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव संसाधन जुटाने और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

क्षेत्र की जनता के सेवा के लिये हर संभव काम किये जायेंगे। इस अवसर पर मड़ईभाठा के वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र यादव एवं सेमरा (बी) के सरपंच श्रवण कुमार साहू ने इस उपलब्धि के लिये विधायक श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त किया।

पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए दिए आवश्यक निर्देश

## कलेक्टर ने किया मॉड़मसिल्ली बांध और रुद्री बरॉज का निरीक्षण



**धमतरी।** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विकसित एवं पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मॉड़मसिल्ली बांध और रुद्री बरॉज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मॉड़मसिल्ली बांध में संचालित सड़क एवं गार्डन निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और इन्हें अक्टूबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बांध परिसर में स्थित मीटिंग प्वाइंट तथा गार्डन में लगे झूले एवं अन्य संरचनाओं को बेहतर बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने रुद्री बरॉज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को गार्डन की आवश्यक साफ-सफाई कर सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गार्डन में आने वाले पर्यटकों की सुविधा हेतु पाथ वे वॉचिंग टॉवर एवं बोटिंग प्वाइंट के लिए स्थल चिह्नांकित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग बांध क्रमांक 38 के कार्यपालन अभियंता श्री यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय चुनाव में शामिल मतदान दलकर्मियों को मानदेय भुगतान की मांग



टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** छग टीचर्स एसोसिएशन ने नगरीय निकाय चुनाव में मतदान दल तथा मतदान दलकर्मियों के मानदेय भुगतान की मांग कलेक्टर से की है। एसो. के जिलाध्यक्ष भूषण चंद्राकर सहित पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत धमतरी नगरपालिक निगम तथा नगर पंचायत आमदी में मतगणना कार्य में संलग्नकर्मियों का आज तक मानदेय भुगतान नहीं हो पाया है। इसी तरह नगर पालिक निगम धमतरी में मतदान दल में कार्य करने वाले कर्मचारियों तथा सामग्री वितरण में ड्यूटी करने वाले कर्मियों का मानदेय भुगतान नहीं हो पाया है। टीचर्स एसो. आयुक्त नगर निगम तथा नपं सीईओ को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर मानदेय दिलाने की मांग कर चुका है। उन्होंने कलेक्टर से मतदान दलकर्मियों का मानदेय भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है।













तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज